# कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) 490023
फोन नं – 0788–2350125, ई–मेल : Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in

क्र/एफ–166/स्टे.आयु. /2026/4477 भिलाई, दिनांक 25/03/2026

## //आदेश//

नगर पालिक निगम, भिलाई के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं निर्धारित शासकीय नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार करें। यह देखा गया है कि कुछ मामलों में कार्यों के निष्पादन में निर्धारित नियमों एवं दिशा–निर्देशों का पूर्णतः नस्तियों में लेख नहीं किया जा रहा है, जो कि शासकीय कार्यप्रणाली के विपरीत है।

अतः सभी को निम्नलिखित बिंदुओं का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया जाता है:–

1. सभी कार्य निर्धारित नियमों, अधिनियमों एवं शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप ही संपादित किए जाएं एवं नियम निर्देश को फ्लैग किया जाना अनिवार्य है।
2. किसी भी प्रकार की लापरवाही, विलंब या अनियमितता से बचा जाए एवं किसी के दबाव से नियमों के विपरीत नस्ती प्रस्तुत न किया जाये।
3. कार्यालयीन अभिलेखों का संधारण सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखा जाए एवं नस्तियों के सभी नोटशीट/पत्राचार में पृष्ठ अंकित किया जाये।
4. नागरिकों से संबंधित कार्यों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।
5. उच्चाधिकारियों द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों एवं निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए।

यदि किसी भी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा इन निर्देशों की अवहेलना की जाती है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

क्र/एफ–166/स्टे.आयु. /2026/4478 भिलाई, दिनांक 25/03/2026

**प्रतिलिपि :–**

1. अपर आयुक्त, नगरपालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. उपायुक्त I,II नगरपालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. मुख्य अभियंता, नगरपालिक निगम,भिलाई को सूचनार्थ।
4. अधीक्षण अभियंता, नगरपालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. जोन आयुक्त, जोन–1,2,3,4 एवं 5 नगरपालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. कार्यपालन अभियंता, जोन–1,2,3,4 एवं 5 /जलकार्य/ स्वास्थ्य/ कम्प्यूटर/ विद्युत/ भवन संधारण/स्टोर/PMAY/वाहन, नगरपालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. प्रोग्रामर डाटा सेंटर, नगरपालिक निगम, भिलाई को वेबसाइट (आदेश फाईल) में अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ।
8. अधीक्षक स्थापना शाखा, नगरपालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
9. संबंधित अधिकारी/कर्मचारी ........................................ नगरपालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई